## राधेश्याम को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के होने वाले चुनाव के लिए लक्षमनगढ निवासी जांगिड समाज के समाजसेवी राधेश्याम मांडण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा जिलासभा सीकर के जिलाध्यक्ष हरिनारायण जांगिड ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में राधेश्याम मांडण की सक्रियता, कार्यकुशलता, प्रबंधन शैली, समाज के प्रति विशेष जुड़ाव,लगाव व समर्पण भाव को देखते हुए अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय प्रधान रामपाल शर्मा (जांगिड ) ने जनवरी 2025 में होने वाले जांगिड समाज के राष्ट्रीय प्रधान के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि राधेश्याम मांडण वर्तमान में जिलासभा सीकर में महामंत्री के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, अब उनको राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने बधाई दी। प्रांतीय व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# भारत को शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए हर कोई आहुति दे : उपराष्ट्रपति

### उपराष्ट्रपति ने वर्तमान में एज्यूकेशन संस्थाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की सलाह दी

**सीकर**, (निसं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में ज्ञान का केंद्र था। 19वीं शताब्दी में स्वामी विवेकानंद ने भारत में शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत को शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए हर कोई अपनी आहुति दे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को शोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सिल्वर जुबली एनूअल फंक्शन में सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने वर्तमान में एज्यूकेशन संस्थाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मेरी मान्यता है कि शिक्षण संस्थाओं को आर्थिक रूप से संबल होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले साक्षी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अग्रवाल, आदित्य ,किर्ति , सरिता ढाका, अजय अभिलाषा, अमन अली,छात्र-छात्राओं को चैक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में तकनीकी एवं उच्च शिक्षा उप मुख्यमंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार विकास पथ पर आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावशाली तरीके से लागू करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। आज तकनीकी शिक्षा का महत्व बहुत बढ़ा है एवं वर्तमान चुनौतियां जैसे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, तकनीकी असमानताओं को आज

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सिल्वर जुबली एनूअल फंक्शन में शिरकत की**

की हमारी नवाचार एवं तकनीकी रूप से सशक्त पीढ़ी ही उभार सकती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, कृषि, सेवा एवं परिवहन सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व बढ़ा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ाने के लिए हमारी राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आईआईटी संस्थानों की तर्ज पर तीन आईआईटी एवं 10 पॉलिटेक्निकल कॉलेज राजस्थान में खोलने का निर्णय लिया है।

## सार-समाचार

### मीठा मावा, घी के लिए नमूने

**रतनगढ़** (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज शर्मा के निर्देशानुसार त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के जांच दल द्वारा रतनगढ़ शहर में मैसर्स बालाजी दूध एंड मावा भण्डार से घी, मीठा मावा, अर्द्ध सैनिक कल्याण कैंटीन से सोन पपड़ी, काजू मैसर्स जसकरण विकास कुमार से घी ओर मैसर्स विजय कुमार कंदोई से रिफाइंड सोयाबीन के कुल 6 नमूना लेकर प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए तथा मैसर्स जसकरण विकास कुमार रतनगढ़ का निरीक्षण करने पर संस्थान में कीड़े पड़े हुए विभिन्न मसाले मिले जिनको मौके पर नष्ट करवाया गया। उक्त खाद्य पदार्थ की जांच रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जावेगी। दूध व दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ व मिठाईयां तैयार करने वाले दुकानदारों को साफ सफाई रखने व गुणवता युक्त खाद्य समग्री को काम में लेने हेतु पाबंद किया।

### एस.पी. ने किया संयुक्त निरीक्षण

**झुंझुनूं**, ( निसं ) विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत झुंझुनूं विधानसभा में हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने हरियाणा बॉर्डर से जुड़ी चेक पोस्ट्स का दौरा किया। अपने सघन निरीक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारीव एसपी ने पिलानी थाना, पिपली चेक पोस्ट के साथ ही हरियाणा पुलिस की लोहारू की गौशाला और रहीमपुर चेक पोस्टों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद पिलोद, उरीका, ढाणी संपत सिंह, कुहाड़वास और भालोठ चेक पोस्ट्स का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बिजली की व्यवस्था में सुधार करने के साथ-साथ ही 4 चेक पोस्ट्स पर तत्काल सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। दोनों आला अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को वाहनों की नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए।

### रामजीलाल बने ब्लॉक अध्यक्ष

**पाटन**। पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ उप शाखा पाटन के चुनाव पंचायत समिति सभागार में चुनाव पर्यवेक्षक विनय सामोता व सुरेश देशवाल की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव में रामजीलाल गुर्जर सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किए गए। चुनाव के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें विक्रम योगी उपाध्यक्ष, नौरंगलाल भारद्वाज महामंत्री , राजेश मीणा कोषाध्यक्ष, जितेंद्र जाटोलिया मीडिया प्रभारी, महिला प्रतिनिधि सुलोचना बाई , अभिषेक कुमार जिला प्रतिनिधि, मुकुट बिहारी मीणा संरक्षक बनाए गए।इस दौरान मोहनलाल गुर्जर महासंघ अध्यक्ष ,मंजू गुर्जर, कृष्ण कुमार, मुकेश चेडवाल, अमित यादव, इरफान खान,रोशन रावत,दीपक वर्मा रमेश कुमार, मोहम्मद शरीफ,नरेश कुमार सहित अनेक कार्मिक उपस्थित रहे ।

### शिविर का 185 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं**। महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ। शिविर में 185 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चैयरमेन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार, महेश कुमार अग्रवाल, पवन कुमार खेतान एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### अमृत 2 के तहत मिले 20 करोड़

**नवलगढ़**। विधायक विक्रम सिंह जाखल के अथक प्रयासों से बजट सत्र के कुछ महीनों के बाद ही नवलगढ़ शहर व मुकुंदगढ़ शहर में जलापूर्ति की समस्या से निजात दिलाने के लिए भाजपा सरकार की अमृत 2.0 के तहत नवलगढ़ शहर के लिए 1351.94 लाख रूपए (14 करोड़) व मुकुंदगढ़ शहर के लिए 599.36 लाख रूपए (6 करोड़) स्वीकृत की ऐतिहासिक सौगात दिलाने पर विधायक विक्रमसिंह जाखल का व सरकार का स्थानीय लोगों ने आभार प्रकट किया। साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने बताया कि यह सब नवलगढ़ में पहली बार भाजपा जितने पर संभव हो रहा है।

### उपकाराग्रह का निरीक्षण किया

**रतनगढ़** ,(निसं)।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू सचिव शरद कुमार व्यास द्वारा उपकाराग्रह रतनगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शरद कुमार व्यास ने जेल रिकॉर्ड एवं जेल में बंद बंदियों के संबंध में जेलर से पूछताछ की और बीमार बंदियों के उपचार के संबंध में पत्रावली का अवलोकन कर जेलर को बीमार बंदियों को समुचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिये।

### विधानसभा उपचुनाव दूसरे दिन किसी ने नहीं भरा नामांकन, अंतिम तिथि 25

**झुंझुनूं** ।विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत झुंझुनूं सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है। शुक्रवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन, शनिवार को किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। यह जानकारी रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने दी। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें उम्मीदवार सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक अपने पर्चे दाखिल कर सकते हैं।

## पचेरीकलां में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

- **विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया बदमाशों की धरपकड़ का अभियान**

**खेतड़ी** , ( निसं ) पचेरीकलां पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी द्वारा विधानसभा उपचुनाव को लेकर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए थाना वार टीमों का गठन कर विभिन्न मामलों में फरार चल रहे बदमाशों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस की टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि फरार बदमाश अपने गांव आए हुए है। जिस पर पचेरीकलां पुलिस ने चुड़ीना निवासी सोनू कुमार पुत्र श्रीराम बावरीया, ढ़ाणा निवासी सोनू पुत्र बन्ने सिंह राजपूत व भोपालपुरा निवासी बिजेन्द्र ऊर्फ फौजी पुत्र माडुराम नायक को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा दो वारंटियों द्वारा अपनी गिरफ्तारी के भय से न्यायालय में सरेण्डर किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर पुलिस की ओर से विशेष सख्ती बरती जा रही है। झुंझुनूं जिला हरियाणा सीमा से सटा होने के चलते पुलिस की ओर से बदमाशों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारीराजपाल यादव, एचसी विरेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार, कांस्टेबल रणवीर सिंह, सत्यराज, बलकेश, मनीष कुमार आदि शामिल थे।

## प्रभारी मंत्री ने गौशाला में गौ सेवा की

**झुंझुनू**। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने शनिवार अपराह्न 3:30 बजे श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं आकर गौसेवा की। उनके साथ भाजपा नेता डॉ. राजेश बाबल एवं मुरारी सैनी भी थे। मंत्री गहलोत ने गौशाला परिसर का अवलोकन करके गौ माता को अपने हाथों से गुड़ खिलाकर गौ सेवा की साथ ही व्यवस्थाओं को देखकर गौशाला कार्यकारिणी की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि वे विभिन्न गौशालाओं में जा चुके हैं। परंतु आज 125 वर्ष पुरानी श्री गोपाल गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई है। वाकई गौशाला का गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य सराहनीय है। इस अवसर पर श्री गोपाल गौशाला की ओर से गौशाला की समस्याओं के बारे में उन्हें ज्ञापन भी दिया गया जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वे यथाशीघ्र सभी समस्याओं का सकारात्मक रूप से समाधान करेंगे।

## निर्दलीय ताकत दिखाने पर मिली भाजपा से टिकट

- **राजेंद्र भांबू पर दूसरी बार भाजपा का भरोसा**

**झुंझुनूं**,( **निसं**)। एक बार फिर भाजपा की टिकट ना मिलने पर निर्दलीय के तौर पर ताकत दिखाने का परिणाम सामने आया है और भाजपा ने गत चुनावों में बागी रहे राजेंद्र भांबू को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने ऐसा ही 2023 के आम चुनावों में किया था। लेकिन भाजपा ने टिकट घोषणा से एक दिन पहले चिड़ावा पंचायत समिति के उप प्रधान रहे कांग्रेस नेता राजेंद्र भांबू को पार्टी में शामिल किया और उन्हें भाजपा का टिकट थमा दिया। इससे नाराज बबलू ने पार्टी से बगावत की और निर्दलीय चुनाव लड़ा। निर्दलीय के तौर पर बबलू चौधरी ने भी 29 हजार 410 मत प्राप्त किए। बबलू चौधरी ने जहां एक ओर भाजपा प्रत्याशी के तौर पर 57 हजार 935 वोट प्राप्त किए। तो भांबू भी कम नहीं रहे। उन्होंने 42 हजार 407 वोट प्राप्त कर अपनी ताकत दिखा दी। इसी ताकत का परिणाम रहा कि अब उप चुनावों में एक बार फिर पार्टी ने राजेंद्र भांबू को अपना उम्मीदवार बना दिया है।मंत्री अविनाश गहलोत भी भांबू को बधाई देने पहुंचे कार्यालयप्रदेश की सात सीटों पर प्रस्तावित उप चुनावों को लेकर भाजपा ने अपने छह प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। झुंझुनूं में भाजपा ने एक बार फिर राजेंद्र भांबू पर भरोसा जताया है।

इससे पहले 2018 में राजेंद्र भांबू को भाजपा ने टिकट दिया था। इसके बाद 2023 में जब भांबू का टिकट काटा तो उन्होंने बगावत करके निर्दलीय चुनाव लड़ा और 42 हजार से अधिक वोट प्राप्त कर अपनी ताकत दिखाई। अब एक बार फिर भाजपा ने राजेंद्र भांबू को उप चुनावों के लिए टिकट दिया है। जिसके बाद उनके अग्रसेन सर्किल स्थित कार्यालय में जश्न का माहौल है। डीजे पर रातभर कार्यकर्ता और समर्थक थिरकते रहे। भांबू को टिकट मिलने की बधाई देने के लिए जिले के प्रभारी व सूबे के समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत भी उनके कार्यालय पहुंचे और बधाई दी।

इस मौके पर अविनाश गहलोत ने कहा कि झुंझुनूं का उप चुनाव भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी। भाजपा ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं, सर्वे और व्यक्तित्व को ध्यान में रखते हुए राजेंद्र भांबू को चुनाव मैदान में उतारा है। इधर, भांबू ने कहा कि वे झुंझुनूं विधानसभा के विकास के लिए कृत संकल्पित है। विकास के वादे को वे सरकार के साथ मिलकर पूरा करेंगे। इस मौके पर भाजपा नेता इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, मुरारी सैनी समेत अन्य भी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री अविनाश के आतिथ्य में हुई ब्राह्मण समाज की बैठक

- **भाजपा की जीत में ब्राह्मण समाज निभाता है अहम भूमिका - अविनाश गहलोत**

**झुंझुनूं** (निसं)।विधानसभा उप चुनाव को लेकर स्थानीय यमुना रिज़ोर्ट में आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नींव की ईंट ब्राह्मण समाज है।

भाजपा की जीत में ब्राह्मण समाज अहम भूमिका निभाता रहा है व अटूट विश्वास है कि भविष्य में भी यह समाज भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हवाला देते हुए कहा कि मैं उनका मैसेज लेकर आपके बीच में आया हूं व इच्छा के अनुरूप मुझे आपका सहयोग मिला है।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश खाजपुरिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष एव भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा व पूर्व निकाय आयुक्त राजेंद्र जोशी थे। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया ने दिया व धन्यवाद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने दिया। जबकि बैठक का संचालन विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने किया। इस मौके पर जगदीश खाजपुरिया, शिवचरण पुरोहित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित, राकेश शर्मा बगड़ एव नगर मंडल उपाध्यक्ष ललित जोशी ने अपने उद्बोधन में प्रभारी मंत्री के समक्ष समाज की समस्याएं रखी व संपूर्ण समाज का भाजपा को समर्थन देने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज अपना संपूर्ण समर्थन हमेशा भाजपा के साथ रखता है व भविष्य में भी साथ रहेंगे।

उपस्थित समस्त गणमान्य विप्रजन ने एक स्वर में भाजपा के पक्ष में मतदान व समर्थन करने का वादा किया।

इस मौके पर एडवोकेट सुशील जोशी, पवन देरवाला, पवन पुजारी, वशिष्ठ शर्मा, पार्षद संजय पारिक, प्रकाश सुरोलिया, एडवोकेट रवि प्रकाश शुक्ला, एडवोकेट अनुपम शर्मा, एडवोकेट कमल शर्मा, पवन पांडे, ललित जोशी, प्रदीप शर्मा अलसीसर, लीलाधर पुरोहित, महेश बसावतिया, सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, विकास पुरोहित, गणेश तिवाड़ी, प्रमोद शर्मा, दिनेश मिश्रा, सुरेश तिवाड़ी, विपुल छक्कड़, संजय शुक्ला, नरेंद्र व्यास, केसरदेव सहल, अनिल जोशी, प्रकाश शर्मा, सौरभ जोशी, प्रदीप महामिया, योगेश चौमाल, गोपीराम पुरोहित सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## राजमाता देवी अहिल्याबाई कि 300 वीं जयंती मनायी

**झुंझुनूं**, (निसं)।सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राजमाता देवी अहिल्याबाई का 300वीं जयंती वर्ष मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के प्रभारी डॉ. विकास भड़िया ने छात्राओं को बताया कि राजमाता अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में जनता के हित में अपने पुत्र का मोह भी त्याग दिया था। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि प्रकाश ने अहिल्याबाई के व्यक्तित्व से छात्राओं को अवगत करवाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुनिता बाबल ने अहिल्याबाई के महिलाओं की जीवन स्थिति को सुधारने के लिए उन्हें संपत्ति का अधिकार दिलावाने के योगदान की जानकारी छात्राओं को दी। इस अवसर पर निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी व प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः खुशी वर्मा बीए द्वितीय वर्ष, प्रिया गौड़ बीए प्रथम वर्ष, टीना बीए द्वितीय वर्ष व खुशी बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रिया गौड़ बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम, टीना बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय, प्रगति बीएससी प्रथम वर्ष व सोफी यादव बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राशि पुत्री महेश कुमार बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम, सुषमा पुत्री प्यारेलाल जांगिड़, पिंकी कुमावत पुत्री शीशपाल बीए तृतीय में द्वितीय स्थान, सरिता पुत्री सज्जन सिंह बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

- **डीपीएस झुंझुनूं में अंतर विद्यालयीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में राज्यभर व हरियाणा से प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया**
- **वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय इंडिया शुड मेक ए बिड फॉर 2036 ओलंपिकस था**

**झुंझुनूं**। मंडावा रोड स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालयीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका विषय इंडिया शुड मेक ए बिड फॉर 2036 ओलंपिकस था। मुख्य अतिथि डूंडलोद शिक्षण संस्थान के निदेशक सुलतान सिंह थे। निर्णायकगण के सानिध्य में दीप प्रज्जवलन हुआ। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्यभर से तथा हरियाणा से प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पक्ष में प्रथम स्थान पर सिद्धी मेहता सोफिया सैकंडरी स्कूल खेतड़ी नगर, द्वितीय स्थान पर ऋतिका गोयल डालमिया विद्या मंदिर चिड़ावा, तृतीय स्थान पर लक्षिता मित्तल पीआरएस इंटरनेशनल स्कूल सतनाली (हरियाणा) रहे। जबकि विपक्ष में प्रथम स्थान पर मानसी रेवाड़ शेखावाटी इंटरनेशनल एकेडमी लोसल (सीकर), द्वितीय स्थान पर रिया डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद तथा तृतीय स्थान पर प्रांशी गोयल सोफिया सैकंडरी स्कूल खेतड़ी नगर रहे। विदित रहे कि आयोजक स्कूल के विद्यार्थियों ने इसमें भाग तो लिया पर प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप देने के लिए उनके प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विजेता घोषित नहीं किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में दोनों पक्षों को अलग-अलग 7100 रूपए, द्वितीय में 5100 रूपए, तृतीय में 3100 रूपए तथा शेष सभी प्रतियोगियों को 500 रूपए नगद के साथ स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। निर्णायकगण की भूमिका में डॉ. स्नेहिल ढाका ग्रेजुएट आर्मड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पूना तथा वर्तमान में पीडियाट्रिक सर्जरी एम्स जोधपुर, तोरषा सरकार अंग्रेजी अध्यापिका सैनिक स्कूल दोरासर झुंझुनूं तथा अनुया समाजसेविका मेरठ थी। जिन्होंने बखूबी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया। लंच की व्यवस्था स्कूल द्वारा की गई थी।

इस अवसर पर स्कूल मैनेजिंग कमेटी सदस्य सुभाष, आवर ऑल इंचार्ज लीलावती एवं सभी अध्यापकगण भी मौजूद थे। अनुशा चौधरी (कक्षा 7वीं) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन अध्यापक अरूल राज अबनेजर के निर्देशन में माहिरा तथा शौर्य ढाका किया।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के विवाद

**राजलदेसर**, (निसं.)। राजलदेसर कस्बे में युवा भारती स्टेडियम में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की स्वीकृति को लेकर करीबन 1 महीने से कसमस को देखते हुए शुक्रवार को पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से प्रतिनिधित्व मण्डल मिला, जिसको लेकर जिला कलेक्टर ने दोनों पक्षों की सुनवाई के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुजानगढ़ मंगलाराम पूनिया को भेजा गया। जहां पर पूनिया ने दोनों पक्षों की सुनवाई की जिसमें युवक संघ की ओर से पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक, लाभचंद सोनी ने स्टेडियम के नियमों की जानकारी दी एवं पूर्व में घटित घटना के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने कहा संस्था का निर्णय लिया हुआ है। पूर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू ने स्टेडियम के संचालकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह अपनी मनमर्जी करते हैं एवं उन्होंने भी करीबन 3 साल पहले होली के पावन पर्व पर आयोजित लोक कला नृत्य के दौरान हुए घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। दोनों पक्षों की अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पुरी बात सुनी एवं मौके पर ही युवा भारतीय स्टेडियम का पूरा भ्रमण किया।

भ्रमण करने के बाद उन्होंने कहा जिला कलेक्टर को रिपोर्ट पेज की जाएगी एवं आगे की कार्रवाई जिला कलेक्टर के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कमलेश सैनी सहित कस्बेवासी उपस्थित रहे।

# झुंझुनूं एकेडमी को सातवीं बार एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड मिला

**झुंझुनूं**, (निसं)।संपूर्ण राजस्थान में अपने अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम, असाधारण स्पोर्ट्स फैसिलिटिज एवं एक्सक्लूसिव सह-शैक्षिणक गतिविधियों तथा राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर क्रिकेट, बैडमिंटन, लॉन टेनिस जैसे अनेक खेलों में 97 गोल्ड, 41 सिल्वर एवं 40 ब्रॉन्ज मैडल सहित 178 मैडल जीतने व 11 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर व 52 खिलाड़ियों का राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में चयन जैसी शानदार उपलब्धियों के लिए

- **ऑल इंडिया में दसवीं, राजस्थान में द्वितीय एवं झुंझुनूं में प्रथम रैंक हासिल की**

विख्यात झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल को होटल लीला गुरुग्राम में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवॉर्ड 2024-25 से सम्मानित किया गया है।

होटल लीला गुरुग्राम में आयोजित इस सम्मान समारोह में झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी को 'बजट प्राइवेट स्कूल' कैटेगरी में, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा को 'को-एड डे कम बोर्डिंग स्कूल' कैटेगरी में एज्युकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल के




झुंझुनूं एकेडमी को लगातार सातवीं बार एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड मिला

चेयरपर्सन दिलीप ठाकुर तथा ग्रुप ऑफ स्कूल सनबीम वाराणसी के चेयरमैन दीपक मधोक द्वारा सम्मानित किया गया। झुंझुनूं एकेडमी का सम्मान करते हुए आयोजक संस्था के वक्ताओं ने कहा कि अत्यंत कड़े मापदंडो के आधार पर चयनित झुंझुनूं एकेडमी विद्यालय राजस्थान का ऐसा विद्यालय है। जहां शिक्षण पद्धित में आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर अध्ययन-अध्यापन के कार्य को और अधिक सुगम, सहज एवं रूचिकर बनाने के लिए अनेकों नवाचार किए गए हैं। यहां से पढने वाले विद्यार्थी जीवन में अच्छी सफलताएं प्राप्त कर देश-विदेश में उच्च प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र की जानी-मानी पत्रिका एज्युकेशन वर्ल्ड द्वारा आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में झुंझुनूं एकेडमी प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों, शिक्षा में तकनीकी के समावेश एवं विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए किए गए प्रयासों को एक पहचान देते हुए दो अलग-अलग कैटेगरी में अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया है।

घर से दूर आदर्श घर के नाम से विख्यात जीवेम् हॉस्टल अपने पौष्टिक भोजन, आवास, खेल, अतिरिक्त कक्षाएं इत्यादि शानदार व्यवस्थाओं के लिए हमेशा अग्रणी रहा है। अफोर्डेबल फीस में महानगरों जैसी सुविधाएं देने वाला जीवेम हॉस्टल हर विद्यार्थी के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए कटिबद्ध रहा है।

इसी के साथ-साथ झुंझुनूं एकेडमी की शैक्षिणक प्रतिष्ठा, गुणवत्ता एवं प्रबंध को नेतृत्व क्षमता के आधार पर स्कूल को 'को-एड डे कम बोर्डिंग स्कूल' कैटेगरी में ऑल इंडिया में दसवीं, राजस्थान में छठी तथा झुंझुनूं जिले में प्रथम रैंक व 'बजट प्राइवेट स्कूल' कैटेगरी में ऑल इंडिया में दसवीं, राजस्थान में दूसरी तथा जिले में प्रथम रैंक प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार सातवीं बार इस तरह का अवॉर्ड मिलना यकीनन स्कूल के लिए ही नहीं अपितु शेखावाटी के लिए गौरव की बात है और यह तभी संभव हो पाता है जब स्कूल अपनी क्वालिटी एज्युकेशन को लगातार जारी रखे। स्कूल उप प्राचार्या सरोज सिंह ने इस अवसर पर खुशी जताते हुए कहा कि आज की बदलती प्रतिस्पर्धात्मक परिस्थितियों में विद्यार्थी को प्रत्येक विषय के सामान्य ज्ञान के साथ संस्कारित जीवन मूल्यों का ज्ञान होना अति आवश्यक है। ताकि वह अपने आपको भावी समाज के लिए एक सुयोग्य नागरिक के रूप में तैयार कर सके और झुंझुनूं एकेडमी इसके लिए सदैव कटिबद्ध है।